# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 16.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की, संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का किया आह्वान।**
2. **जेपीएससी–जेएसएससी रिफॉर्म मंच ने तेज किया आंदोलन, आज सभी जिला मुख्यालयों में करेंगे पुतला दहन, 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव की घोषणा।**
3. **भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि, सदैव अटल पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि, झारखंड विधानसभा परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम।**
4. **राज्य में अलग– अलग सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत, लातेहार में सात, लोहरदगा में तीन और हजारीबाग के केरेडारी में दो की मौत।**
5. **मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, अगले दो दिनों के लिए बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने के मुद्दे को राजनीतिक लड़ाई न बनाया जाए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी दल आगे आएं और महिलाओं को सम्मान देते हुए यह सुनिश्चित करें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को जल्द से जल्द तैंतीस प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले।

*********************

झारखंड में जेपीएससी–जेएसएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन तेज हो गया है। भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने विरोध के नए कार्यक्रमों की घोषणा की है। पेश है एक रिपोर्ट।

इधर छात्रों के आंदोलन का जेएलकेएम ने पूर्ण समर्थन किया है। साथ ही कहा कि छात्रों की सभी जायज़ माँगों के समर्थन में पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है ।

*********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज यूजीसी–नेट जून 2026, सी.एस.आई.आर–नेट और आई.सी.ए.आर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के लिए अंतिम उत्तर कुंजी जारी करेगी। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा की उत्तर कुंजी भी आज जारी की जाएगी। एजेंसी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे केवल एजेंसी की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

*********************

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। दिल्ली स्थित सदैव अटल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की । सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए श्री मोदी ने वाजपेयी को असाधारण दूरदर्शी और उत्कृष्ट राजनेता बताया, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का सुशासन और जन कल्याण पर केंद्रित दृष्टिकोण देशवासियों का सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

*********************

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर झारखंड विधानसभा परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता शामिल होंगे।

*********************

पलामू संसदीय क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए बड़ी पहल हुई है। रेलवे बोर्ड ने गयाजी जिले के शेरघाटी से पलामू के कजरी तक 107 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन के निर्माण के लिए दो हजार 627 करोड़ 29 लाख रुपये के विस्तृत प्राक्कलन को मंजूरी दे दी है। परियोजना से पलामू और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि यह रेल परियोजना क्षेत्र के विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

*********************

झारखंड सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री रहे स्वर्गीय रामदास सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर जमशेदपुर के टेल्को के खड़ंगाझाड़ चौक पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुवा समेत कोल्हान के कई विधायक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मंत्री दीपक बिरुवा ने रामदास सोरेन की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने झारखंड आंदोलन में योगदान और समाज के प्रति उनकी सेवा को याद किया गया।

*********************

राज्य में अलग – अलग सड़क हादसों में कुल 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। लातेहार जिले में चंदवा–लोहरदगा मार्ग की डेढ़ टंगवा घाटी में कल हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई । एक बेकाबू भारी कंटेनर ने बाइक और ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया जिससे यह दुर्घटना घटी।

इधर रांची–लोहरदगा मुख्य पथ पर दो स्कूटी की सीधी टक्कर से हुए हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं हजारीबाग के केरेडारी–टंडवा मुख्य सड़क स्थित पतरा पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता–पुत्री की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

*********************

झारखंड में अगले कुछ दिनों के दौरान भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन कई जिलों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों की वेबसाइट ने छात्र आंदोलन की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– जेपीएससी– जेएसएससी धांधली पर आर–पार के मूड में प्रदर्शनकारी छात्र, अब सीएम हेमंत सोरेन के आवास को घेरने की तैयारी।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – झारखंड प्रोटेस्ट छात्रों का सीएम आवास घेरने का ऐलान ।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – रांची समेत 20 जिलों में छाए रहेंगे बादल 8 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट।

प्रभात खबर लिखता है हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने वेल्स को 3–1 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दागे दो गोल।

*********समाप्त************